# भारत सरकार
# मंत्रालय

## सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करना

**आवेदन संख्या** : AV.24032/057/2007-AAI
**आवेदक का नाम** : कराईकल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड
**पता** : संख्या 28, कन्नडियार स्ट्रीट, कराईकल, पुदुचेरी-609602।

**निर्णय**: संचालन समिति ने 11.01.2011 को आयोजित अपनी बैठक में पुदुचेरी के कराईकल क्षेत्र के पोनबेथी, पुथाकुडी तथा वरिचिकुडी राजस्व ग्रामों के क्षेत्रों को आच्छादित करने वाले स्थल पर सार्वजनिक उपयोग श्रेणी के अंतर्गत ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचार किया। संचालन समिति की सिफारिशों के आधार पर, केंद्र सरकार एतद्द्वारा पुदुचेरी के कराईकल क्षेत्र के पोनबेथी, पुथाकुडी तथा वरिचिकुडी राजस्व ग्रामों के क्षेत्रों को आच्छादित करने वाले स्थल पर सार्वजनिक उपयोग श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय परिचालन हेतु ग्रीनफील्ड हवईअड्डे की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' स्वीकृति प्रदान करती है, बशर्ते कि उसमें एक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए आवश्यक सभी अवसंरचना सुविधाएँ उपलब्ध हों तथा यह रक्षा मंत्रालय, पुदुचेरी सरकार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), तथा अन्य एजेंसियों, यदि कोई हों के द्वारा निर्धारित शर्तों तथा देश में इन ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन हो।

## 'सैद्धांतिक' स्वीकृति प्रदान किए जाने की शर्तें

(i) चयनित प्रवर्तक को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा अन्य विनियामक एजेंसियों के साथ आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करनी होंगी।

(ii) मैसर्स कराईकल एयरपोर्ट लिमिटेड इस परियोजना के विकास हेतु किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के लिए एक समय-सीमा/रोडमैप इंगित करेगा तथा 'सैद्धांतिक' स्वीकृति प्रदान किए जाने की तिथि से एक माह के भीतर इसकी सूचना केंद्र सरकार को देगा।

(ओमा नंद)
अवर सचिव, भारत सरकार

**दिनांक**: 24.02.2011 **दूरभाष-24640214**